**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 12 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक– 09.11.2023

**दिनांक 08/09.11.2023 को रात्रि थाना आशियाना 02, अमीनाबाद 01, बीबीडी 01, गुडम्बा 02, मड़ियांव 01, नाका 03, सरोजनीनगर 01, ठाकुरगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 12 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**थाना आलमबाग**–दिनांक 11.10.2023 को थाना आलमबाग द्वारा बताया गया कि श्रीमती ममता पत्नी रामधन मण्डल निवासी–श्रम विहार नगर मवैया थाना आलमबाग लखनऊ ने थाना आलमबाग पर सूचना दिया कि दिनांक 08/09.11.2023 की रात्रि को वह लोग समय करीब 12.00 बजे रात्रि को खाना खाकर सो गये थे। रात में देखा तो उसका लड़के गोविन्द उम्र करीब 25 वर्ष ने अपने उक्त घर में कमरे के छत में लगे लकड़ी की बल्ली से नायलॉन रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री इसरार अहमद मो0नं0–8299008587 थाना आलमबाग द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक के एक 05 वर्ष का लड़का है। मृतक प्राईवेट गाड़ी चलाता था।

**थाना बीकेटी**–दिनांक 09.11.2023 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि श्री राम शंकर पुत्र श्री भोलूराम निवासी–देवरी रूखारा थाना बीकेटी लखनऊ ने थाना बीकेटी पर सूचना दिया कि आज दिनांक 09.11.2023 को उसके भतीजे प्रभाकर उर्फ आदर्श उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र राम कुमार का शव टिकारी गांव के तालाब में प्राप्त हुआ हैं। दिनांक 08.11.2023 को उसका भतीजा प्रभाकर उपरोक्त अपने घर से सामान लेने के लिए बेहड़ा चक्की गया था, जो रात्रि तक वापस नही आया और परिवारीजनों द्वारा लगातार फोन मिलाया गया पर फोन रिसीव नहीं हुआ था। आज दिनांक 09.11.2023 को समय करीब 09.00 बजे पुनः फोन मिलाने पर उसके भतीजे प्रभाकर उपरोक्त का फोन टिकारी गांव के किसी व्यक्ति द्वारा रिसीव किया गया, जिसके द्वारा बताया गया कि साइकिल, कपड़े, चप्पल व मोबाइल फोन उक्त तालाब के किनारे पड़े हैं और फोन बजने पर उसके द्वारा उठाया गया है। इस पर 112 नं0 पर पुलिस को सूचना देकर हम परिवारीजन तालाब के पास पहुंच गये। इस सूचना पर थाना तालकटोरा पुलिस द्वारा मौके पर उक्त तालाब के पास पहुंचकर गोताखोरों की मदद से समय करीब 11.00 बजे प्रभाकर उपरोक्त का शव तालाब से निकालवाकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। **एस0आई0 श्री शेषमणि मिश्रा मो0नं0–9919596226 द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया आस–पास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि कल मृतक उपरोक्त ने तालाब के पास करीब 200 मीटर दूरी पर स्थित शराब की दुकान से काफी मात्रा में शराब का सेवन किया था। प्रथमदृष्टया नशे की हालत में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। मृतक अविवाहित था। मृतक स्नातक का छात्र था।

**थाना वजीरगंज**–दिनांक 09.11.2023 को थाना वजीरगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री डा0 सुशील कुमार यादव पुत्र जयपाल सिंह निवासी–ग्राम गोहली पोस्ट औरास जनपद उन्नाव ने थाना वजीरगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 08.11.2023 को वादी तहसील सदर लखनऊ में अपने डा0 अभिषेक बंसल के साथ एक इकरारनामा के निरस्तीकरण हेतु आया था। वहां पर विपक्षी अमरेन्द्र सिंह, आशीष आदि लोगों ने एक राय होकर वादी व उसके साथी पर जानलेवा हमला कर दिया और जान से मारने का प्रयास किया। वादी किसी तरह से अपनी जान बचाकर भागा। इसी दौरान उक्त विपक्षी लोगों की मारपीट से वादी की सोने की चैन कहीं टूटकर गिर गयी व मोबाइल फोन भी टूट गया। उक्त विपक्षी वादी को जान से मारने की धमकी देते हूए मौके से भाग गये। **इस सूचना पर थाना वजीरगंज पर मु0अ0सं0–350/2023 धारा–323/352/427/506 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**